



# आपके संतति-नियमन विकल्प

| विधि | इसका उपयोग कैसे करें | रक्तस्राव पर प्रभाव | जानने योग्य बातें | यह कितने अच्छे ढंग से काम करता है? |
|---|---|---|---|---|
| **कॉपर आईयूडी**<br>**ParaGard®**<br> | • इसे एक क्लिनिसियन द्वारा गर्भाशय में स्थापित किया जाना चाहिए<br>• इसे आम तौर पर एक क्लिनिसियन द्वारा निकाला जाना चाहिए | • इसकी वजह से ऐंठन और भारी मासिक रक्तस्राव हो सकता है<br>• इसकी वजह से मासिक रक्तस्राव के बीच में बूँद-बूँद रक्तस्राव हो सकता है (यदि आप टेस्टोस्टेरोन लेते हैं तो कोई समस्या नहीं भी हो सकती है) | • इसे 12 वर्ष तक उसी जगह स्थापित रहने दिया जा सकता है<br>• इसे निकालने के तुरंत बाद आप गर्भवती हो सकती हैं<br>• यह यूटेराइन लाइनिंग कैंसर, ओवेरियन कैंसर, और पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के जोखिम को कम कर सकता है<br>• इसे स्थापित करने के दौरान शायद ही कभी गर्भाशय जख्मी होता है | > 99% |
| **हार्मोनल आईयूडी**<br>लिलेट्टा®, मिरेना®, स्काईला® एवं अन्य<br> | • इसे एक क्लिनिसियन द्वारा गर्भाशय में स्थापित किया जाना चाहिए<br>• इसे आम तौर पर एक क्लिनिसियन द्वारा निकाला जाना चाहिए | • इससे ऐंठन में सुधार हो सकता है<br>• इसकी वजह से हल्का मासिक रक्तस्राव, बूँद-बूँद रक्तस्राव, या मासिक स्राव बिलकुल भी नहीं, हो सकता है | • आपके द्वारा चयनित आईयूडी के आधार पर इसे 3 से 8 वर्ष तक स्थापित रहने दिया जा सकता है<br>• इसे निकालने के तुरंत बाद आप गर्भवती हो सकती हैं<br>• यह यूटेराइन लाइनिंग कैंसर, ओवेरियन कैंसर, और पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के जोखिम को कम कर सकता है<br>• इसे स्थापित करने के दौरान शायद ही कभी गर्भाशय जख्मी होता है | > 99% |
| **आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां**<br>प्रोजेस्टीन ईसी (Plan B® वन-स्टेप एवं अन्य) और यूलीप्रिस्टल एसीटेट (ella®)<br> | • असुरक्षित यौन संबंध के बाद जितनी जल्दी आप इसे लेते है उतना ही अच्छा काम करता है<br>• असुरक्षित यौन संबंध के बाद करीब 5 दिन तक आप ईसी ले सकते हैं<br>• यदि पैक में 2 गोलियां हैं, तो दोनों का सेवन एक साथ करें | • आपका अगला मासिक रक्तस्राव पहले या देर से आ सकता है<br>• बूंद बूंद खून निकल सकता है | • दवा विक्रेताओं, स्वास्थ्य केंद्रों, या स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के पास उपलब्ध: उन्हें कॉल करके पता करें कि उनके पास है या नहीं<br>• किसी भी उम्र के लोग एक डॉक्टर की पर्ची के बिना प्रोजेस्टिन ईसी ले सकते हैं<br>• इससे पेट गड़बड़ हो सकता है या ऊबकाई आ सकती है<br>• प्रोजेस्टीन ईसी, टेस्टोस्टेरोन के साथ पारस्परिक क्रिया नहीं करता है, लेकिन हमें नहीं पता कि यूलीप्रिस्टल एसीटेट ईसी ऐसा करता है या नहीं<br>• यूलीप्रिस्टल एसीटेट ईसी के लिए डॉक्टर की पर्ची की आवश्यकता होती है<br>• काफी महंगी पड़ सकती है<br>• यूलीप्रिस्टल एसीटेट, प्रोजेस्टीन ईसी से बेहतर काम करता है यदि आपका बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 26 से अधिक है<br>• सेक्स के 3-5 दिन बाद यूलीप्रीस्टल एसीटेट ईसी, प्रोजेस्टिन ईसी से बेहतर काम करता है | 58 - 94% |
| **अंदरूनी कंडोम**<br> | • यौन संबंध बनाते समय हर बार नया कंडोम प्रयोग करें<br>• जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त लुब्रिकेंट का प्रयोग करें | कोई भी नहीं | • यौन-क्रीड़ा से पहले या उसके दौरान पहन सकते हैं<br>• योनि और गुदा सेक्स में इस्तेमाल किया जा सकता है<br>• योनि/गुदा सुख को बढ़ा सकता है<br>• लेटेक्स से एलर्जी रखने वाले लोगो के लिए उपयुक्त<br>• एचआईवी एवं अन्य यौन रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है<br>• लिंग संवेदना कम कर सकता है<br>• आवाज़ कर सकता है<br>• लगाने में मुश्किल हो सकता है<br>• सेक्स के दौरान अपनी जगह से बाहर निकल सकता है<br>• आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से एक डॉक्टर की पर्ची की जरूरत पड़ सकती है | 79% |

*सामान्य उपयोग

| विधि | इसका उपयोग कैसे करें | रक्तस्राव पर प्रभाव | जानने योग्य बातें | यह कितने अच्छे ढंग से काम करता है? |
|---|---|---|---|---|
| **बाहरी कंडोम**  | • यौन संबंध बनाते समय हर बार नया कंडोम प्रयोग करें<br>• यदि आपको लेटेक्स से एलर्जी है तो पॉलीयूरेथेन कंडोम का प्रयोग करें | कोई भी नहीं | • कई दुकानों पर आसानी से ख़रीदा जा सकता है<br>• यौन क्रीड़ा से पहले या उसके दौरान पहन सकते हैं<br>• शीघ्र स्खलन रोकने में मददगार साबित हो सकता है<br>• मुख, योनि, और गुदा सेक्स में इस्तेमाल किया जा सकता है<br>• एचआईवी एवं अन्य यौन रोगों से सुरक्षा प्रदान करता है<br>• लिंग संवेदना कम कर सकता है<br>• लिंग के तनाव में कमी ला सकता है<br>• फट या निकल सकता है<br>• डॉक्टर की पर्ची की आवश्यकता नहीं पड़ती है | 87% |
| **गोली**  | • रोज़ाना गोली खानी होती है | • अक्सर बूंद-बूंद खून बहता है जो कई महीने तक हो सकता है | • पीएमएस लक्षणों में सुधार हो सकता है<br>• इससे मुहांसों में सुधार हो सकता है<br>• इससे अंडाशय के कैंसर को रोकने में मदद मिलती है<br>• इस विधि में एस्ट्रोजन होता है - यह अस्पष्ट है कि एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन के साथ पारस्परिक क्रिया करता है या नहीं<br>• गोलियां लेना रोकने के तुरंत बाद आप गर्भवती हो सकती हैं<br>• इससे ऊबकाई, वजन बढ़ना, सिरदर्द, सेक्स करने की इच्छा में कमी हो सकती है – ब्रांड बदलने से इनमें से कुछ लक्षणों में राहत मिल सकती है | 93% |
| **डायफ्राम** Caya® और Milex®  | • हर बार सेक्स करते समय योनि में लगाएं<br>• हर बार शुक्राणुनाशक के साथ प्रयोग करें | कोई भी नहीं | • कई वर्षों तक इस्तेमाल किया जा सकता है<br>• उपयोग सम्बन्धी खर्च बहुत कम पड़ता है<br>• कुछ संक्रमणों से रक्षा कर सकती है, लेकिन एचआईवी से नहीं<br>• शुक्राणुनाशक का प्रयोग करने से एचआईवी होने का जोखिम बढ़ सकता है<br>• योनी से खून निकलने या संक्रमण के दौरान प्रयोग नहीं करना चाहिए<br>• मूत्राशय के संक्रमण का जोखिम बढ़ाता है | 83% |
| **निकासी** बाहर निकालना | • स्खलन (यानि वीर्य निकलने से पहले) से पहले लिंग को योनि से बाहर निकाल लें | कोई भी नहीं | • इसमें कोई खर्च नहीं आता है<br>• कुछ लोगों को कम सुख मिलता है<br>• यदि लिंग को समय से बाहर नहीं निकाला जाता है तो यह काम नहीं करता है<br>• यौन-क्रीड़ा को बीच में रोकना पड़ता है | 80% |
| **पैच** ऑर्थो एव्रा®  | • तीन सप्ताह तक सप्ताह में एक बार एक नया पैच लगाएं<br>• सप्ताह 4 में कोई पैच न लगाएं | • मासिक रक्तस्राव को और अधिक नियमित और कम दर्दनाक बना सकता है<br>• शुरूआती कुछ महीनों के दौरान बूँद-बूँद रक्तस्राव हो सकता है | • आप पैच लगाना बंद करने के तुरंत बाद गर्भवती हो सकती हैं<br>• पैच के नीचे मौजूद त्वचा में जलन हो सकती है<br>• इस विधि में एस्ट्रोजन होता है - यह अस्पष्ट है कि एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन के साथ पारस्परिक क्रिया करता है या नहीं | 93% |
| **सिर्फ प्रोजेस्टीन की गोलिया**  | • रोज़ाना गोली खानी होती है | • मासिक रक्तस्राव को और अधिक नियमित और कम दर्दनाक बना सकता है<br>• शुरूआती कुछ महीनों के दौरान बूँद-बूँद रक्तस्राव हो सकता है | • गोलियां लेना रोकने के तुरंत बाद आप गर्भवती हो सकती हैं<br>• यह यूटेराइन लाइनिंग कैंसर, ओवेरियन कैंसर, और पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के जोखिम को कम कर सकता है<br>• अवसाद, बाल या त्वचा में बदलाव, यौन इच्छा में बदलाव हो सकता है | 93% |

*सामान्य उपयोग

| विधि | इसका उपयोग कैसे करें | रक्तस्राव पर प्रभाव | जानने योग्य बातें | यह कितने अच्छे ढंग से काम करता है? |
|---|---|---|---|---|
| **प्रजननता संबंधी जागरूकता**<br>प्राकृतिक परिवार नियोजन<br> | • प्रजननता के लिए उपयुक्त दिनों का पहले से पता लगाएं: योनि के म्यूकस में होने वाले परिवर्तनों की जांच करें, और/या अपने मासिक रक्तस्राव का रिकॉर्ड रखें<br>• यदि आप इनमें से एक से अधिक का इस्तेमाल करें तो यह ज्यादा असरदार होता है<br>• प्रजननता के दिनों में कंडोम/शुक्राणुनाशक का प्रयोग / सेक्स न करें | • अच्छी तरह काम नहीं करता है यदि आपका मासिक रक्तस्राव अनियमित है | • कम खर्च होता है<br>• गर्भवती बनने की कोशिश करने या उससे बचने, दोनों में सहायक हो सकता है<br>• प्रजननता के दिनों में एक भिन्न विधि का प्रयोग करें<br>• इस विधि के लिए काफी कोशिश करनी पड़ती है<br>• डॉक्टर की पर्ची की आवश्यकता नहीं होती है | 85% |
| **प्रत्यारोपण**<br>Nexplanon®<br> | • एक क्लिनिसियन इसे ऊपरी बांह की त्वचा के नीचे स्थापित करते हैं<br>• इसे एक क्लिनिसियन द्वारा निकाला जाना चाहिए | • इसकी वजह से अनियमित रक्तस्राव और बूँद-बूँद रक्स्रव हो सकता है<br>• 1 साल बाद, आपको बिल्कुल भी मासिक रक्तस्राव नहीं भी हो सकता है<br>• ऐंठन में अक्सर सुधार होता है | • लंबे समय तक चलने वाली (अधिकतम 5 वर्षों तक)<br>• आप इसे निकालने के तुरंत बाद गर्भवती हो सकती हैं<br>• यह यूटेराइन लाइनिंग कैंसर, ओवेरियन कैंसर, और पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के जोखिम को कम कर सकता है<br>• इसकी वजह से मिजाज में बदलाव हो सकता है | > 99% |
| **बंध्याकरण: ट्यूब सम्बन्धी विधियाँ**<br> | • ये विधियाँ, फेलोपियन ट्यूब्स को अवरुद्ध या काट देती हैं<br>• एक क्लिनिसियन आपके पेट से होते हुए ट्यूब्स तक पहुँचता है | कोई भी नहीं | • ये विधियाँ, स्थायी और अत्यधिक प्रभावशाली हैं<br>• पलटाव मुश्किल है<br>• जोखिमों में शामिल है - संक्रमण, रक्तस्राव, दर्द, और संज्ञाहरण सम्बन्धी प्रतिक्रियाएं | > 98% |
| **बंध्याकरण: नसबंदी**<br> | • एक क्लिनिसियन, आपके अंडकोष से शुक्राणुओं को ले जाने वाली नलियों को अवरुद्ध या काट देता है | कोई भी नहीं | • यह विधि, स्थायी और अत्यधिक प्रभावशाली है<br>• यह ट्यूब सम्बन्धी प्रक्रियाओं की तुलना में अधिक प्रभावशाली, अधिक सुरक्षित, और अधिक सस्ता है<br>• इसे क्लिनिसियन के कार्यालय में ही किया जा सकता है<br>• इसके लिए कोई सामान्य संज्ञाहरण की आवश्यकता नहीं पड़ती है<br>• पलटाव मुश्किल है<br>• इसके जोखिमों में शामिल है - संक्रमण, दर्द, और रक्तस्राव<br>• इसे अपना काम करने 3 महीने लगते हैं | > 99% |
| **योनि अम्लीकरण जेल**<br>फेक्सी®<br> | • हर बार सेक्स करते समय जेल लगाएं | कोई भी नहीं | • यौन-क्रीड़ा/ पूर्व-क्रीड़ा के दौरान उपयोग किया जा सकता है<br>• इसमें कोई हारमोन नहीं होता है<br>• डॉक्टर की पर्ची की आवश्यकता होती है<br>• इससे योनि, लिंग में जलन हो सकती है<br>• मूत्र पथ संक्रमण के दौरान प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए | 86% |

*सामान्य उपयोग

| विधि | इसका उपयोग कैसे करें | रक्तस्राव पर प्रभाव | जानने योग्य बातें | यह कितने अच्छे ढंग से काम करता है? |
|---|---|---|---|---|
| **योनि शुक्राणुनाशक**<br>क्रीम, जेल, स्पंज, फोम, इन्सर्ट, फिल्म<br> | • हर बार यौन संबंध के दौरान शुक्राणुनाशक का प्रयोग करें | कोई भी नहीं | • कई दुकानों पर आसानी से ख़रीदा जा सकता है<br>• यौन-क्रीड़ा/ पूर्व-क्रीड़ा के दौरान उपयोग किया जा सकता है<br>• कई रूपों में उपलब्ध है: क्रीम, जेल, स्पंज, फोम, फोम, फिल्म<br>• एचआईवी होने का जोखिम बढ़ा सकता है<br>• इससे योनि, लिंग में जलन हो सकती है<br>• क्रीम, जेल और फोम गंदे हो सकते हैं<br>• डॉक्टर की पर्ची की आवश्यकता नहीं होती है | 79% |
| **रिंग**<br>ANNOVERA®<br>Nuvaring®<br> | • एक छोटे रिंग को योनि में डालें<br>• मासिक रिंग: रिंग को हर महीने बदलें<br>• वार्षिक रिंग: रिंग को हर साल बदलें | • मासिक रक्तस्राव को और अधिक नियमित और कम दर्दनाक बना सकता है<br>• शुरूआती कुछ महीनों के दौरान बूँद-बूँद रक्तस्राव हो सकता है<br>• योनि स्राव में वृद्धि हो सकती है | • रिंग दो प्रकार के होते हैं: एक मासिक रिंग और एक वार्षिक रिंग<br>• सभी के लिए एक साइज<br>• निजी<br>• आप रिंग निकालने के तुरंत बाद गर्भवती हो सकती हैं<br>• इस विधि में एस्ट्रोजन होता है - यह अस्पष्ट है कि एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन के साथ पारस्परिक क्रिया करता है या नहीं | 93% |
| **शॉट**<br>Depo-Provera®<br> | • हर 3 (13 सप्ताहते) महीने में एक शॉट लें<br>• खुद शॉट लें या एक चिकित्सा कार्यालय में जाकर लें | • अक्सर मासिक रक्तस्राव में कमी आती है<br>• बूँद-बूँद रक्तस्राव, या कोई मासिक रक्तस्राव नहीं, हो सकता है | • प्रत्येक शॉट 15 सप्ताहों तक काम करता है<br>• उपयोगकर्ता के लिए निजी<br>• गर्भाशय के कैंसर को रोकने में मदद करता है<br>• वजन बढ़ना, अवसाद, बालों या त्वचा में परिवर्तन, यौन इच्छा में परिवर्तन हो सकता है<br>• यह यूटेराइन लाइनिंग कैंसर, ओवेरियन कैंसर, और पोलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के जोखिम को कम कर सकता है<br>• शॉट लेना बंद करने के बाद 6 महीने तक दुष्प्रभाव रह सकते हैं | 96% |

*सामान्य उपयोग